RNI No. GJHIN/25/A2786
NAVSARJAN SANSKRUTI

नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति

अहमदाबाद से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 080
दि. 22.12.2025,
सोमवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : JIGNESHKUMAR PETHABHAI VAGHELA Regd. Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Centre, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad-382 424, Gujarat, India.

Phone : 76983 33307 (M) 84859 51747, 70963 33307 ● Email : navsarjansanskruti2016@gmail.com ● Email : navsarjansanskruti2016@yahoo.com ● Website : www.navsarjansanskruti.com

नगर परिषद से नगर पंचायत तक महायुति की ऐतिहासिक विजय, महाराष्ट्र की सियासत में नया अध्याय

(जीएनएस)। मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों ने एक नई तस्वीर उकेर दी है। राज्य की 288 नगर परिषदों और नगर पंचायतों में हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति ने ऐसा दबदबा बनाया है, जिसे पिछले 30–35 वर्षों में दुर्लभ माना जा रहा है। जनता के इस स्पष्ट जनादेश ने न केवल भाजपा को राज्य की नंबर एक पार्टी के रूप में स्थापित किया है, बल्कि शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) को नंबर दो और महाविकास अघाड़ी को हाशिये पर ला खड़ा किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसे ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा है कि ऐसा समर्थन उन्होंने दशकों में नहीं देखा।

तीन–चार वर्षों के लंबे अंतराल के बाद हुए इन चुनावों में मतगणना 21 दिसंबर 2025 को सुबह शुरू हुई और शाम तक तस्वीर लगभग साफ हो गई। 288 में से 215 से अधिक परिषदों पर महायुति ने कब्जा जमाया, जबकि महाविकास अघाड़ी महज 51 परिषदों तक सिमट गई। भाजपा अकेले 129 नगर परिषदों में महापौर पद जीतने में सफल रही और उसके 3,325 पार्षद निर्वाचित हुए। शिवसेना (शिंदे गुट) ने 51 महापौर और 695 पार्षदों के साथ खुद को राज्य की दूसरी सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित किया। अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 35 महापौर और 311 पार्षद जीते, वहीं कांग्रेस भी 35 महापौर पदों तक ही सीमित रह गई। उद्धव ठाकरे गुट और शरद पवार गुट दोनों ही दो अंकों तक नहीं पहुंच सके, जिससे विपक्ष की स्थिति और कमजोर होती दिखी। क्षेत्रवार नतीजों पर नजर डालें तो विदर्भ में भाजपा ने 100 में से 58 परिषदों पर जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ साबित की, जबकि मराठवाड़ा, उत्तर महाराष्ट्र और पश्चिम महाराष्ट्र में भी भाजपा सबसे आगे रही। कोंकण क्षेत्र में शिवसेना

(शिंदे गुट) ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए भाजपा को कड़ी टक्कर दी। इन नतीजों ने यह साफ कर दिया कि राज्य के शहरी और अर्ध-शहरी मतदाता बड़े पैमाने पर महायुति के विकास और स्थिरता के दावे से सहमत नजर आए। हालांकि राज्य स्तर पर भाजपा और महायुति की आंधी चली, लेकिन कुछ जिलों में तस्वीर अलग भी रही। नासिक जिले में भाजपा का तथाकथित 'संकटमोचक' दांव काम नहीं आया और शिवसेना (शिंदे गुट) ने 11 में से 5 सीटों पर जीत दर्ज कर बाजी मार ली। कुंभ मेले की तैयारियों के बीच यह हार भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से अहम मानी जा रही है। त्र्यंबकेश्वर और इगतपुरी जैसे क्षेत्रों में एकनाथ शिंदे की रणनीति और स्थानीय मुद्दों पर दिए गए वादों ने मतदाताओं को प्रभावित किया। अंबरनाथ में मुकाबला और भी दिलचस्प रहा। भारी तनाव, विवाद और सियासी जंग के बीच हुए चुनाव में नगराध्यक्ष पद पर भाजपा की तेजश्री करंजुले ने जीत दर्ज की, लेकिन पार्षदों के मोर्चे पर शिवसेना (शिंदे गुट) ने बढ़त बना ली। कांग्रेस ने भी यहां अप्रत्याशित रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। बदलापुर में भाजपा ने शिवसेना के गढ़ में सेंध लगाते हुए बड़ी जीत हासिल की, जबकि पुणे जिले में अजित पवार की एनसीपी ने 'दादा का जलवा' दिखाते हुए अधिकांश नगर परिषदों में अध्यक्ष पद अपने नाम किए। कोंकण के मालवण में राणे परिवार की सियासी जंग ने पूरे राज्य का ध्यान खींचा, जहां शिवसेना (शिंदे गुट) ने भाजपा को मात देकर सत्ता पर कब्जा जमाया। वहीं चंद्रपुर में कांग्रेस ने विजय वडेट्टीवार के नेतृत्व में शानदार वापसी करते हुए 11 में से 8 सीटें जीत लीं और यह संदेश दिया कि कुछ इलाकों में अब भी पार्टी की जड़ें मजबूत हैं। नांदेड़ के लोहा नगर परिषद में भाजपा का परिवारवाद वाला प्रयोग मतदाताओं ने सिरे से नकार दिया, जहां एक ही परिवार के छह उम्मीदवारों की हार ने पार्टी को असहज कर दिया।

नतीजों के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में कहा कि जनता ने भाजपा और महायुति को ऐतिहासिक जनादेश दिया है। उन्होंने इसे 2017 से भी बड़ी जीत बताते हुए संगठन, सहयोगी दलों और कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि शिवसेना अब ठाणे तक सीमित नहीं रही, बल्कि चंद्रपुर से बांद्रा तक मजबूत हुई है और राज्य की नंबर दो पार्टी बनकर उभरी है। वहीं विपक्ष ने चुनाव आयोग और ईवीएम पर सवाल उठाते हुए नतीजों को "मशीन की सेटिंग" करार दिया, लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जनता ने विपक्ष के झूठे प्रचार को नकार दिया है।

स्थानीय निकाय चुनावों में मिली इस बड़ी जीत के बाद महायुति का अगला लक्ष्य अब 'मिशन मुंबई' है। जनवरी में होने वाले बीएमसी और अन्य नगर निगम चुनावों को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन का आत्मविश्वास चरम पर है। इन नतीजों ने न केवल महाराष्ट्र की मौजूदा राजनीतिक दिशा तय की है, बल्कि आने वाले शहरी चुनावों के लिए भी स्पष्ट संकेत दे दिया है कि राज्य की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है।

घुसपैठ और वोटबैंक की राजनीति पर पीएम मोदी का कांग्रेस पर प्रहार, असम की पहचान से समझौता नहीं करेगी भाजपा

(जीएनएस)। नम्रूप। असम के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए घुसपैठ और वोटबैंक की राजनीति को लेकर कड़े आरोप लगाए। नम्रूप में असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड के अमोनिया-यूरिया प्रोजेक्ट के भूमि पूजन के बाद विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आज भी देश और असम के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाना चाहती है और इसी कारण वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण यानी एसआईआर का विरोध कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन असम और पूरे नॉर्थ-ईस्ट के लिए ऐतिहासिक है। नम्रूप और डिब्रूगढ़ जैसे क्षेत्रों को लंबे समय से जिस औद्योगिक विकास का इंतजार था, वह अब साकार हो रहा है। उन्होंने गुवाहाटी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के उद्घाटन और नम्रूप में उर्वरक परियोजना

की शुरुआत को असम की बदलती तस्वीर का प्रतीक बताया। पीएम मोदी ने कहा कि पहले नॉर्थ-ईस्ट को देश की मुख्यधारा से कटा हुआ माना जाता था, लेकिन अब यह क्षेत्र विकास की नई रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहा है और देश की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नम्रूप में बनने वाला आधुनिक फर्टिलाइजर प्लांट किसानों के लिए वरदान साबित होगा। इससे न केवल किसानों को समय पर और पर्याप्त उर्वरक मिलेगा, बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्थानीय युवाओं को स्थायी रोजगार देगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि विकसित भारत के निर्माण में किसानों और युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और केंद्र सरकार उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बना रही है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए किए गए सरकारी प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब यूरिया के लिए किसानों को लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था और कालाबाजारी आम बात थी, लेकिन आज हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार बीज से लेकर बाजार तक किसानों के साथ खड़ी है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक करीब चार लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे जा चुके हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वही पार्टी है जिसने वर्षों तक देश में अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वोटबैंक की राजनीति के तहत घुसपैठियों को संरक्षण दिया और आज भी उन्हें बचाने के लिए वोटर लिस्ट शुद्धिकरण जैसे जरूरी कदमों का विरोध कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को न तो असम की पहचान की चिंता है और न ही यहां के लोगों के सम्मान की, उसकी राजनीति सिर्फ वोटबैंक तक सीमित है।

प्रधानमंत्री ने असम के लोगों को भरोसा दिलाया कि भाजपा राज्य की पहचान, संस्कृति और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि असम की धरती ने देश को हमेशा समृद्ध किया है और यहां की पहचान से कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा। पीएम मोदी ने लोगों से तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति को नकारने की अपील करते हुए कहा कि विकास, सुरक्षा और सम्मान ही असम और देश के उज्ज्वल भविष्य का रास्ता है।

विकसित भारत की दिशा में बड़ा बदलाव, मनरेगा की जगह VB–G RAM G कानून लागू, ग्रामीण रोजगार व्यवस्था में ऐतिहासिक मोड़

(जीएनएस)। नई दिल्ली। ग्रामीण भारत की रोजगार व्यवस्था में एक बड़े और निर्णायक बदलाव का रास्ता साफ हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत–रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी बिल, 2025 यानी VB–G RAM G को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब औपचारिक रूप से कानून बन गया है। संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने से केंद्र सरकार के 'विकसित भारत 2047' विजन को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया और तेज हो गई है। सरकार इस नए कानून को 1 अप्रैल 2026 से पूरे देश में लागू करने की तैयारी कर रही है।

करीब दो दशक पहले शुरू हुई महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा अब इतिहास बनने जा रही है। केंद्र सरकार के अनुसार, VB–G RAM G कानून मनरेगा की जगह लेगा और ग्रामीण रोजगार को एक नए ढांचे और व्यापक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय का कहना है कि बीते वर्षों में मनरेगा ने ग्रामीण

आय सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई, लेकिन बदलते समय, बढ़ती आबादी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई जरूरतों को देखते हुए एक अधिक सशक्त और टिकाऊ कानून की आवश्यकता थी। इसी सोच के तहत यह नया कानून तैयार किया गया है।

VB–G RAM G कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को अब हर वित्त वर्ष में 125 दिनों का वैधानिक मजदूरी रोजगार मिलेगा, जो मनरेगा के तहत मिलने वाले 100 दिनों की तुलना में 25 दिन अधिक है। सबसे अहम बात यह है कि यह रोजगार सरकार की कानूनी जिम्मेदारी होगी। यानी अगर कोई पात्र ग्रामीण परिवार रोजगार की मांग करता है, तो सरकार को तय समयसीमा के भीतर काम उपलब्ध कराना ही होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आय सुरक्षा को और मजबूत आधार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

नए कानून में मजदूरी भुगतान को लेकर भी सख्त और स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। मजदूरों को अब साप्ताहिक आधार पर या अधिकतम 15 दिनों के भीतर भुगतान करना अनिवार्य होगा। यदि किसी कारणवश भुगतान में देरी होती है, तो संबंधित लाभार्थी को मुआवजा देना भी कानूनन जरूरी होगा। सरकार का दावा है कि इससे वर्षों से चली आ रही देरी की शिकायतों पर लगाम लगेगी और ग्रामीण मजदूरों का भरोसा व्यवस्था में मजबूत होगा।

इस विधेयक को संसद में पारित किए जाने के दौरान विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया था। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सरकार मनरेगा को खत्म कर महात्मा गांधी के नाम और उनके आदर्शों को कमजोर कर रही है। हालांकि ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक गांधी जी के नाम का राजनीतिक उपयोग किया, जबकि मौजूदा सरकार उनके विचारों को नए सिरे से मजबूत कर रही है। उनका कहना था कि यह कानून केवल नाम बदलने की कवायद नहीं, बल्कि ग्रामीण रोजगार और आजीविका को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और टिकाऊ बनाने का प्रयास है।

सरकार के अनुसार VB–G RAM G कानून का दायरा सिर्फ मजदूरी रोजगार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण, कृषि और गैर-कृषि रोजगार के बीच संतुलन, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना भी है। इससे गांवों में सड़क, जल संरक्षण, सिंचाई, हरित परियोजनाओं और आजीविका से जुड़े कार्यों को नई गति मिलने की संभावना है।

केंद्र सरकार इसे ग्रामीण भारत के लिए एक दूरगामी सुधार मान रही है। उसका दावा है कि यह कानून न केवल ग्रामीण बेरोजगारी को कम करेगा, बल्कि पलायन पर भी अंकुश लगाएगा और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करेगा।

हिजाब विवाद पर नीतीश के साथ खड़े जीतनराम मांझी, बोले बेवजह राजनीति कर मुद्दे को दिया जा रहा सांप्रदायिक रंग

(जीएनएस)। गया। आयुष विभाग की महिला डॉक्टर के हिजाब से जुड़े विवाद पर बिहार की राजनीति गरमा गई है, लेकिन इस पूरे मामले में केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (HAM) के राष्ट्रीय संरक्षक जीतनराम मांझी खुलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थन में सामने आए हैं। गया में एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए मांझी ने कहा कि इस घटना को जरूरत से ज्यादा तूल दिया जा रहा है और कुछ लोग जानबूझकर इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं।

जीतनराम मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक अनुभवी और वरिष्ठ नेता हैं, जिनकी उम्र 74 वर्ष है और उनका सार्वजनिक जीवन दशकों का रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर ऐसी कोई बात किसी 22 साल के युवक से हुई होती तो उस पर सवाल उठाए जा सकते थे, लेकिन नीतीश कुमार जैसे वरिष्ठ नेता के हर शब्द और कदम को एक अभिभावक की भावना से देखना चाहिए। मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने एक पिता या संरक्षक की तरह महिला डॉक्टर को समझाने की कोशिश की, न कि किसी गलत मंशा से कोई टिप्पणी की।

मांझी ने यह भी कहा कि आयुष विभाग में ज्वाइन करने जा रही महिला डॉक्टर को पेशेवर दृष्टिकोण से समझाना किसी भी तरह गलत नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कोई डॉक्टर मरीजों के सामने जाती है, तो उसकी पेशेवर छवि और व्यवहार भी मायने रखता है। ऐसे में अगर मुख्यमंत्री ने एक सामान्य सलाह दी तो उसे विवाद का रूप देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल और तत्व इस मामले को जानबूझकर उछाल रहे हैं ताकि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ा जा सके। केंद्रीय मंत्री ने यह भी याद दिलाया कि खुद संबंधित महिला डॉक्टर ने स्पष्ट कर दिया है कि मुख्यमंत्री की मंशा पर उन्होंने कोई सवाल नहीं उठाया है और वह अपना पदभार संभालने जा रही हैं।

अरावली पर संरक्षण पहले से ज्यादा मजबूत, खनन को लेकर फैलाया जा रहा भ्रमः भूपेंद्र यादव

(जीएनएस)। नई दिल्ली। अरावली पर्वत श्रृंखला की नई परिभाषा को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिलने के बाद देशभर में उठे विवाद पर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अरावली को लेकर जानबूझकर भ्रम फैलाया जा रहा है और यह दावा पूरी तरह गलत है कि नई व्यवस्था से खनन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सच्चाई इसके ठीक उलट है और नई परिभाषा के तहत अरावली का संरक्षण पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है।

सुंदरबन टाइगर रिजर्व में पत्रकारों से बातचीत के दौरान भूपेंद्र यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकृत रूपरेखा के अनुसार अरावली क्षेत्र का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा संरक्षित श्रेणी में रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि खनन को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, वे तथ्यहीन हैं और जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से फैलाई जा रही हैं। केंद्र सरकार ने यह भी साफ किया कि अरावली क्षेत्र में नए खनन पट्टों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत पहले से ही रोक है और व्यापक प्रबंधन योजना लागू होने तक किसी भी प्रकार की नई अनुमति नहीं दी जाएगी।

सरकार के अनुसार, नई परिभाषा का उद्देश्य अरावली पर्वत श्रृंखला को कानूनी और प्रशासनिक रूप से स्पष्ट रूप देना है, ताकि अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग व्याख्याओं के कारण जो खामियां पैदा हो रही थीं, उन्हें दूर किया जा सके। भूपेंद्र यादव ने बताया कि 100 मीटर का मानदंड सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सभी संबंधित राज्यों में लागू किया गया है, ताकि पहाड़ियों के आधार तक खनन के दुरुपयोग को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि यह मानदंड किसी भी तरह से संरक्षण को कमजोर नहीं करता, बल्कि मानकीकरण के जरिए निगरानी को और प्रभावी बनाता है।

पर्यावरण मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, सुप्रीम

कोर्ट ने मई 2024 में अरावली क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। इस समिति की अध्यक्षता पर्यावरण मंत्रालय के सचिव ने की थी और इसमें राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली के प्रतिनिधि शामिल थे। समिति की जांच में यह सामने आया कि वर्ष 2006 से केवल राजस्थान में अरावली की औपचारिक परिभाषा लागू है, जबकि अन्य राज्यों में स्पष्ट मानक नहीं थे। इसी अनुभव के आधार पर सभी राज्यों ने एक समान मॉडल अपनाने पर सहमति जताई, ताकि संरक्षण व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके।

नई व्यवस्था में सुरक्षा के कई अतिरिक्त प्रावधान भी जोड़े गए हैं। इसके तहत 500 मीटर के भीतर स्थित पहाड़ियों को एक ही पर्वतमाला का हिस्सा माना जाएगा, ताकि खनन के नाम पर पहाड़ी तंत्र को टुकड़ों में बांटकर नुकसान न पहुंचाया जा सके। खनन से पहले सर्वे ऑफ इंडिया के आधिकारिक नक्शों पर अनिवार्य मैपिंग, कोर और इनवायोलेट क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान जैसे प्रावधान किए गए हैं, जहां किसी भी स्थिति में खनन की अनुमति नहीं होगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि 100 मीटर से नीचे के क्षेत्रों में खनन की अनुमति देने का दावा पूरी तरह गलत है और प्रतिबंध केवल चोटी या ढलान तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे पहाड़ी पारिस्थितिकी तंत्र पर लागू रहेगा।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान, हरियाणा और गुजरात में अरावली क्षेत्र का महज 0.19 फीसदी हिस्सा ही कानूनी रूप से खनन के दायरे में आता है, जबकि दिल्ली के अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार के खनन की अनुमति नहीं है। सरकार का कहना है कि अरावली के लिए सबसे बड़ा खतरा आज भी अवैध और अनियंत्रित खनन है, न कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकृत नई परिभाषा। इसी वजह से निगरानी और प्रवर्तन को और सख्त करने की तैयारी की जा रही है।

भूपेंद्र यादव ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया जाएगा। ड्रोन सर्विलांस, सैटेलाइट इमेजरी और रियल टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपायों से अरावली क्षेत्र की निगरानी मजबूत की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि सरकार विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाकर चल रही है और अरावली जैसी ऐतिहासिक और पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील पर्वत श्रृंखला की सुरक्षा में किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी।

संपादकीय

आइसिस की जड़ों को भारत में ढूंढ़ने की ज़रूरत

सीरिया के शासन प्रमुख अपने देशवासियों के साथ गर्व महसूस कर रहे हैं। वजह, अहमद अल-अहमद हैं। सीरियाई मूल का अहमद अल-अहमद, सिडनी के सदरलैंड शायर में एक दुकान चलाता है। बौंडी बीच पर उसके कारनामों ने उसे दुनियाभर में एक शांत दुकानदार से बहादुरी के प्रतीक में बदल दिया। हथियारबंद हमलावरों का सामना करने की कोशिश में अल-अहमद को दो गोलियां लगीं। उन्हें सिडनी के एक अस्पताल में तत्काल ले जाया गया, वहां उनकी सर्जरी हुई, और अब वो ठीक हैं। न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर, क्रिस मिन्स ने उनसे मिलने के बाद फेसबुक पर लिखा—'अल-अहमद की अविश्वसनीय बहादुरी ने निस्संदेह अनगिनत जानें बचाईं, जब उन्होंने अपनी जान का रिस्क लेकर एक आतंकवादी को निहत्था किया। ये है असली हीरो।' इस हमले की विश्वव्यापी निंदा की गई है। अल-अहमद ने सीरिया का सिर ऊंचा किया। भारत शर्मिंदा, और सन्नाटे में है। वजह हमलावरों का हैदराबाद कनेक्शन है। बौंडी बीच हमले में मृतकों की संख्या 16 हो गई है, जिसमें ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने वालों में से एक बंदूकधारी भी शामिल है, जिसकी पहचान पुलिस ने 50 वर्षीय साजिद अकरम के रूप में की है। उस शख्स का 24 वर्षीय बेटा नवीद अकरम, गोली लगने के बाद अस्पताल में गंभीर हालत में बताया जा रहा है। साजिद अकरम हैदराबाद का था, और उसका बेटा नवीद अकरम ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट धारक था। बौंडी बीच शूटर साजिद अकरम 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया था। उसके रिश्तेदारों ने बताया, 'साजिद अकरम 2001 में अपनी यूरोपीय मूल की पत्नी को एक निकाह समारोह के लिए हैदराबाद लाया था, और अपने बेटे नवीद अकरम को 2004-05 में अपने माता-पिता से मिलवाने के लिए लाया था।' ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने जानकारी दी, कि दोनों जने पिछले महीने फिलीपींस गए थे, पिता भारतीय पासपोर्ट पर, और बेटा ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट पर। फिलीपींस के अधिकारियों ने कहा कि उनकी यात्रा का मकसद जांच के दायरे में है, और यह कहना पक्का नहीं है कि वे किसी आतंकवादी समूह से जुड़े थे, या उन्हें उस देश में ट्रेनिंग मिली थी। मंगलवार को अपने बयान में, तेलंगाना पुलिस ने कहा कि 1998 में ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद से साजिद अकरम छह बार भारत आया था, मुख्य रूप से पारिवारिक कारणों से। बयान में यह भी कहा गया, कि भारत छोड़ने से पहले उसका कोई 'बुरा रिकॉर्ड' नहीं था।

हमलावरों ने बोंडी बीच पर हाहाकारी हमले से पहले फिलीपींस में एक महीना बिताया था। फिलीपींस में ब्यूरो ऑफ़ इमिग्रेशन ने कन्फर्म किया है, कि बाप-बेटे नरसंहार से पहले उनके देश में 28 दिन रुके थे। इमिग्रेशन प्रवक्ता डाना सैंडोवल ने बुधवार को कहा, कि 50 साल का साजिद अकरम और उसका बेटा 24 साल का नवीद अकरम 1 नवंबर, 2025 को निनॉय एक्विनो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे थे, जिसके बाद उन्होंने दावो इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट ली थी। 28 नवंबर को बाप-बेटे, दावो सिटी से मनीला के लिए निकले, और फिलीपीन एयरलाइंस की फ्लाइट 'पीआर 212' से वापस सिडनी चले गए। फिलीपींस का दावो, मिंडानाओ के दक्षिणी द्वीप का सबसे बड़ा शहर है, जहां मुस्लिम विद्रोही लंबे समय से एक स्वतंत्र राज्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वर्ष 2017 में, आइसिस लड़ाकों ने मिंडानाओ में मारावी शहर को पांच महीने तक घेरे रखा, जिससे फिलीपींस सरकार को एक पूर्ण युद्ध शुरू करना पड़ा, जिसमें आइसिस के प्रमुख नेताओं को मार गिराया गया, और लड़ाकों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, कैथोलिक बहुल देश फिलीपींस में सैकड़ों इस्लामिक स्टेट के लड़ाके अभी भी मौजूद हैं। आतंकियों के अंतर्राष्ट्रीय आका मिंडानाओ में गरीबी, अंतर्विरोध व सरकारी दमनचक्र का फायदा उठाकर भर्ती अभियान जारी रखे हुए हैं। विशेषज्ञ बताते हैं, दहशतगर्दों के ऑपरेटर्स ने अपनी रणनीति बदल ली है। वे छोटे-छोटे गुटों में बंट गए हैं, लेकिन फिर भी इस्लामिक स्टेट के प्रति वफादार हैं। उन्होंने पुलिस बलों और ईसाई पूजा स्थलों को निशाना बनाना जारी रखा है। 2023 में, इस्लामिक आतंकवादियों ने मारावी में मिंडानाओ स्टेट यूनिवर्सिटी में एक कैथोलिक मास के दौरान एक विस्फोटक डिवाइस से धमाका किया, जिसमें चार लोग मारे गए, और दर्जनों घायल हो गए। फिलीपींस में आतंकवाद विरोधी विशेषज्ञ रोमेल बानलाओई ने कहा, कि मारावी घेराबंदी के बाद इस क्षेत्र में उग्रवाद आंदोलनों में बदलाव आया है। बानलाओई ने कहा, 'पहले, इनका ध्यान एक इस्लामिक राज्य बनाने पर था।

विश्व की दिशा परिवर्तन का वर्ष

> स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ट ने ट्रंप के इस रवैये को अमेरिका की 'सभ्यतागत आत्महत्या' की संज्ञा दी है। उदार लोकतंत्र, खुली स्पर्धा और नियमबद्ध व्यवस्था जैसे आदर्शों को ताक पर रखकर ट्रंप तीन महाशक्तियों के दबदबे वाली दुनिया बनाने की राह पर हैं। संयुक्त राष्ट्र के किसी मंच पर अब जुबानी जमाखर्च के सिवा इन तीनों की आमराय के बिना कुछ हो पाने की संभावना कम ही दिखती है। ऐसे में असली चुनौती यूरोप और भारत के सामने है कि कैसे अपनी सुरक्षा में आत्मनिर्भर होकर अपना दबदबा बढ़ाएं और कारोबार फैलाएं।

विश्व आर्थिक मंच, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, राजनयिक और विश्लेषक वर्ष 2025 को दुनिया की दिशा बदलने वाले वर्ष के रूप में परिभाषित कर रहे हैं। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की नाटकीय टैरिफ नीति, वैश्विक समीकरणों और व्यवस्थागत नियमों में हुई ऐसी उथल-पुथल है, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद से चली आ रही विश्व व्यवस्था में पहले कभी नहीं देखी गई।

वैश्वीकरण के दौर में विश्व व्यापार बढ़कर 40 गुना से अधिक हो गया था जिसके कारण दुनिया के एक अरब से अधिक लोग गरीबी के दायरे से बाहर निकल सके, लेकिन इस दौर में उद्योग-धंधे अमेरिका और यूरोप छोड़कर एशियाई देशों में चले गए, जहां कच्चा माल और मज़दूरी सस्ती थी। इससे अमेरिका और यूरोप में कामगार बेरोजगार हुए और व्यापार घाटे भी बढ़े। ट्रंप इसी प्रक्रिया को पलटने के वादे पर चुनाव जीते थे। इसलिए उन्होंने सत्ता संभालते ही कुछ देशों पर भारी टैरिफ लगाने के साथ-साथ छोटे-बड़े सभी देशों पर टैरिफ लगा दिए। इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर लगाया गया, ताकि विश्व व्यापार संगठन में चुनौती न दी जा सके। पिछले 70 वर्षों से मुक्त व्यापार की वकालत करते आ रहे देश ने 30 वर्ष लंबी गैट वार्ताओं के बाद बनी विश्व व्यापार की व्यवस्था को एक एलान से ध्वस्त कर दिया।

ट्रंप के टैरिफ युद्ध का प्रमुख निशाना चीन था, परंतु उसने अपने दुर्लभ खनिजों और

औद्योगिक चुंबकों के ब्रह्मास्त्र से अपना बचाव कर लिया। भारत और ब्राजील इसके लिए तैयार नहीं थे। इसलिए दोनों पर सर्वाधिक ऊंचे 50 प्रतिशत टैरिफ लगे हैं। दिलचस्प बात यह है कि रूस पर युद्धविराम का दबाव डालने के लिए ट्रंप भारत पर रूसी तेल खरीदना बंद करने का दबाव डाल रहे हैं, जिसे वे दोस्त कहते हैं। जबकि रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार और प्रतिद्वंद्वी चीन से कुछ नहीं कहते। नाटो में अपने सहयोगी तुर्किये से कुछ नहीं कहते। अपने दोस्त हंगरी के नेता ओर्बान को खरीदने की छूट दे रहे हैं और खुद रूस से परमाणु ईंधन की खरीदारी जारी है। ट्रंप की अबूझ नीतियों के कारण यह साल 25 वर्षों से घनिष्ठ होते आ रहे भारत-अमेरिका रिश्तों पर संदेह और अनिश्चितता के साए का साल रहा।

इस नियमहीन धौंस की कूटनीति ने चीन, रूस और ब्राजील जैसी ब्रिक्स शक्तियों को डालर के बिना व्यापार करने के उपाय खोजने पर विवश किया। ये देश अब अपना अधिकांश व्यापार अपनी मुद्राओं में करने लगे हैं। रूस और चीन करीब 250 अरब डालर के व्यापार का 99.1 प्रतिशत अपनी मुद्राओं में करते हैं। भारत-रूस भी अपने व्यापार का 96 प्रतिशत अपनी मुद्राओं में करते हैं। चीन और ब्राजील भी आपसी व्यापार अपनी मुद्राओं में करने लगे हैं। आर्थिक प्रतिबंधों से बचने के लिए डालर मुक्त व्यापार नया नहीं है, पर ट्रंप की मनमानी और धौंस ने इसे नई गति दी है।

ट्रंप की नीतियों की अस्थिरता और अप्रत्याशितता ने सामरिक समीकरणों को भी उलटा-पलटा है। यूरोप के साथ अमेरिका के रिश्तों की बुनियाद सदियों पुरानी है। दूसरे महायुद्ध में यूरोप के जर्जर और कंगाल हो जाने के बाद अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी सामरिक और आर्थिक शक्ति बनकर उभरा था। इसलिए उसने अपने नेतृत्व में विश्व के लिए एक नई नियमबद्ध व्यवस्था बनाई जो उसके उदार लोकतंत्र, खुली स्पर्धा वाली आर्थिकी और कानून व्यवस्था के सिद्धांतों पर आधारित थी।

यूरोप उसका सामरिक साथी और वैचारिक प्रयोगशाला बना। यूरोप ने शीतयुद्ध के दौरान साम्यवादी एकदलीय तानाशाही के फैलाव को रोके रखा। सोवियत संघ से स्वतंत्र हुए पूर्वी यूरोप के देशों ने अमेरिका और यूरोप की व्यवस्था को केवल तेज आर्थिक विकास के लिए ही नहीं अपनाया था। उन्हें साम्यवादी तानाशाही से अपना अस्तित्व भी बचाना था और उम्मीद थी कि यूरोप और अमेरिका उनकी रक्षा करेंगे। ट्रंप यूक्रेन के बचाव की जगह पुतिन को खुश रखने के लिए जिस तरह उसकी जमीन और सुरक्षा का सौदा करने में लगे हैं, उसने इस भ्रम को भी तोड़ दिया है।

यूरोप को सबसे बड़ा धक्का ट्रंप की नई सुरक्षा नीति में पुतिन के हमले और तानाशाही की आलोचना की जगह अपनी आलोचना को पढ़कर लगा है। अमेरिकी सुरक्षा नीति कहती है कि लचर नीतियों के कारण यूरोप के कुछ देशों में कुछ ही दशकों के भीतर यूरोपीय सभ्यता लुप्त हो जाएगी, क्योंकि गैर-यूरोपीय बहुसंख्यक बन जाएंगे। इसलिए वह यूरोप में राष्ट्रवादी पार्टियों को सत्ता में देखना चाहती है। स्पष्ट है कि ट्रंप यूरोप को अब एक बोझ के सिवा कुछ नहीं मानते। दूसरी तरफ पुतिन का स्वागत वे महाशक्ति की तरह तालियां बजाकर करते हैं। चीनी राष्ट्रपति के साथ होने वाली शिखर बैठक को जी-2 की संज्ञा देकर वे स्वयं स्वीकार करते हैं कि चीन अब बराबर की महाशक्ति है।

स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ट ने ट्रंप के इस रवैये को अमेरिका की 'सभ्यतागत आत्महत्या' की संज्ञा दी है। उदार लोकतंत्र, खुली स्पर्धा और नियमबद्ध व्यवस्था जैसे आदर्शों को ताक पर रखकर ट्रंप तीन महाशक्तियों के दबदबे वाली दुनिया बनाने की राह पर हैं। संयुक्त राष्ट्र के किसी मंच पर अब जुबानी जमाखर्च के सिवा इन तीनों की आमराय के बिना कुछ हो पाने की संभावना कम ही दिखती है। ऐसे में असली चुनौती यूरोप और भारत के सामने है कि कैसे अपनी सुरक्षा में आत्मनिर्भर होकर अपना दबदबा बढ़ाएं और कारोबार फैलाएं। इसमें कोई बड़ी कठिनाई नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यदि दुनिया तिकोना रूप लेती है तो समर्थन-शक्ति के लिए कई छोटे देश साथ आना चाहेंगे। तीन या अधिक धुरियों में बंटी दुनिया में जलवायु परिवर्तन और जिहादी आतंक की रोकथाम जैसी वैश्विक चुनौतियों पर अब क्षेत्रीय सहयोग जुटाना अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। इसके अलावा इस वर्ष का सबसे बड़ा दिशा परिवर्तन एआइ या यंत्रमेधा का आर्थिक गतिविधि के हर क्षेत्र में सक्रिय हो जाना है। 30 वर्ष पुरानी सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति के बाद यह उससे भी बड़ी क्रांति है, जो खोज से लेकर निर्माण और उपभोग तक उत्पादन के हर पहलू को और कामकाज को प्रभावित करेगी।

प्रेरणा

महानता की घोषणा और तालियों का अकाल

कहते हैं महान लोग अपने काम से पहचाने जाते हैं, लेकिन आज के समय में महानता की पहचान का पैमाना थोड़ा बदल गया है। अब काम करना उतना ज़रूरी नहीं, जितना उसका ढिंढोरा पीटना ज़रूरी हो गया है। हमारे मोहल्ले में रहने वाले अस्सी बरस के एक बुज़ुर्ग इसी बदले हुए दौर के सबसे सशक्त उदाहरण हैं। वे न सिर्फ़ अपने आपको शानदार, जानदार, रोबदार और ज़ोरदार मानते हैं, बल्कि पूरे विश्वास के साथ यह भी मानते हैं कि दुनिया को भी यही मान लेना चाहिए।

कुछ समय पहले उन्होंने बड़े गर्व के साथ ऐलान किया कि उन्होंने राम और श्याम की बचपन से चली आ रही लड़ाई बंद करवा दी है। बात बड़ी थी, घोषणा उससे भी बड़ी। लेकिन दुर्भाग्य यह रहा कि न राम ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को स्वीकार किया और न श्याम ने। दोनों पहले की तरह लड़ते रहे और उल्टा अंकल के पास आकर यह कह बैठे कि झूठ बोलने से सच्चाई नहीं बदलती। इस पर अंकल ने ज़ोरदार अंग्रेज़ी और उससे भी ज़ोरदार आत्मविश्वास के साथ समझाया कि दुआओं और शुभकामनाओं के दम पर उन्होंने सौ साल पुराना झगड़ा सेटल करवा दिया है और अब ये दोनों लड़ने का नाटक कर रहे हैं।

अंकल का तर्क बड़ा आध्यात्मिक था। उनका मानना है कि जैसे बददुआएँ असर करती हैं, वैसे ही दुआएँ भी असर करती हैं, बस दुआ देने वाला व्यक्ति शानदार, जानदार, रोबदार और ज़ोरदार होना चाहिए। उनके भीतर का आत्मविश्वास इतना प्रबल था कि उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं थी कि सच्चाई कुछ और ही कह रही है। वे मन ही मन ठहाका लगाते हुए सोचते रहे कि कोई यह नहीं मानेगा कि कभी इसी लड़ाई को हवा देने में उनका भी योगदान रहा था—कभी उकसावे, कभी गालियों की आपूर्ति, कभी स्थानीय संसाधनों जैसे डंडे, ईंट-पत्थर और हाथापाई की व्यवस्थाएँ। आखिरकार, समाज की सामूहिक स्मृति भी बड़ी सुविधाजनक होती है; उसे वही याद रहता है, जो बार-बार बताया जाए।

समय बीतने के साथ अंकल की उपलब्धियों की सूची लंबी होती गई। राम और श्याम के बाद उन्होंने दावा किया कि उन्होंने एक-दो नहीं, बल्कि डेढ़ दर्जन छोटे-बड़े मोहल्लों के झगड़े सुलझा दिए हैं। यह अलग बात है कि उन झगड़ों में शामिल लोग अब भी पहले की तरह उलझे हुए हैं, लेकिन अंकल की घोषणा में कहीं कोई कमी नहीं। समस्या बस इतनी है कि लोग उनके इन महान कार्यों की सराहना नहीं कर रहे। न ताली बजा रहे हैं, न जयकार कर रहे हैं। सब अपने-अपने मोबाइल फोन में डूबे हुए हैं, यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम के आभासी बाथटब में लेटे हुए अपनी-अपनी महानता का साबुन लगा रहे हैं। अंकल को इस बात का गहरा दुख है कि दूसरों की तारीफ़ करने और सुनने का चलन लगभग समाप्त हो गया है। उनका मानना है कि जब कोई व्यक्ति युद्ध रुकवाने, लड़ाई खत्म करवाने और मानवता के नाम पर बड़े-बड़े दावे कर रहा हो, तो उसे सम्मान, पुरस्कार और कम से कम सार्वजनिक प्रशंसा तो मिलनी ही चाहिए। अगर ऐसा नहीं हो रहा, तो दोष उस व्यक्ति में नहीं, बल्कि समाज की कृतघ्नता में है।

इसी चिंतन से एक नया जीवन-दर्शन जन्म लेता है—अपनी तारीफ़ खुद करो। इंतज़ार मत करो कि कोई और करेगा, क्योंकि आज के दौर में सब अपनी-अपनी तारीफ़ में इतने व्यस्त हैं कि दूसरों के लिए समय ही नहीं बचा। अंकल का यह दर्शन बड़ा व्यावहारिक है। इससे आत्मसंतोष भी मिलता है और अस्वीकार किए जाने का दर्द भी कम होता है।

पुरस्कार देने वाली संस्थाओं पर भी अंकल का भरोसा अब डगमगा चुका है। उन्हें लगता है कि चयन करने वाले लोग सही लोगों को पहचान ही नहीं पा रहे। इतनी बड़ी-बड़ी उपलब्धियों के बावजूद अगर किसी को सम्मान न मिले, तो यह व्यवस्था की विफलता है। लेकिन फिर भी वे निराश नहीं हैं। उनका विश्वास अडिग है कि महानता किसी प्रमाणपत्र या ट्रॉफी की मोहताज नहीं होती।

आखिर में यही निष्कर्ष निकलता है कि समय चाहे जितना खराब क्यों न हो, अच्छे काम करने का दावा करने वाले लोग अपना काम—या कम से कम उसकी घोषणा—करते रहेंगे। तारीफ़ मिले या न मिले, तालियाँ बजें या न बजें, महानता का तमगा वे खुद ही अपने सीने पर टांक लेंगे। क्योंकि इस दौर में सबसे सुरक्षित और स्थायी सम्मान वही है, जो इंसान खुद को दे सके।

सूरा सो पहचानिये, जो लरै दीन के हेत

करीब 320 वर्ष पहले दिसंबर की भीषण ठंड में पंजाब में शौर्य और धर्मयुद्ध के इतिहास का अप्रतिम अध्याय लिखा जा रहा था। यह अध्याय है गुरु गोबिंद सिंह के चारों बेटों और उनकी वृद्ध मां के आत्म-बलिदान का। यह विश्व इतिहास की एक विरल घटना है कि धर्म बदलने की बात न मानने के लिए नौ और छह साल के दो बच्चे शासक के आदेश से दीवार में जीवित चुनवा दिए गए हों। हाथ बंधे, कैद में नंगी तलवारों से घिरे गुरु गोबिंद सिंह जी के दोनों छोटे बेटे मुगल सत्ता के एक शक्तिशाली प्रतिनिधि से बकायदा जंग लड़ रहे थे। अपनी तेजस्विता और संकल्प बल से, यही उनके पास था।

दिसंबर, 1704 के उत्तरार्ध में एक रात जब गुरु गोबिंद सिंह ने सुरक्षित जाने देने की बादशाह औरंगजेब की कुरान और पहाड़ी राजाओं की गाय की शपथ पर आनंदपुर साहिब छोड़ा तो वही हुआ, जिसका उन्हें अंदेशा था। मुगल और पहाड़ी राजाओं की संयुक्त सेना ने पीछे से उन पर हमला बोल दिया। धोखा देकर किए गए इस हमले की आपाधापी में कई सिख सैनिक मारे गए और गुरु गोबिंद सिंह जी का कीमती सामान, पोथियां, 'विद्यासागर' आदि रचनाएं व संस्कृत से अनुवाद कराया गया साहित्य वगैरह नदी में नष्ट हो गए। गुरु परिवार भी बिखर गया।

इस धोखे और आपाधापी के बाद गुरु गोबिंद सिंह जी की माता गुजरी जी रास्ता भटक गईं और उनके साथ गुरु गोबिंद सिंह जी के दो छोटे बेटे नौ साल के बाबा जोरावर सिंह और छह साल के बाबा फतेह सिंह गिरफ्तार कर सरहिंद (जिला फतेहगढ़ साहिब) ले जाए गए। सरहिंद के फौजदार नवाब वजीर खां ने उन्हें नदी के किनारे सुनसान पड़े और चारों ओर से खुले एक ऊंचे बुर्ज में रखवाया। भीषण ठंड में पुआल में बैठकर ठिठुरते हुए दोनों बच्चों और माता गुजरी ने रात काटी।

23 दिसंबर, 1705 को सुबह माता गुजरी को वहीं छोड़ सशस्त्र सिपाही दोनों लड़कों को फौजदार के दरबार ले गए। दो दिन तक यह क्रम चला।

नवाब ने बच्चों का मनोबल तोड़ने को यह भी कहा कि तुम्हारे बाप-भाई वगैरह सब मार दिए गए हैं, अब तुम उनसे कभी नहीं मिल पाओगे। हमारी बात मान लो तो ऐश करोगे। समझाया, प्रलोभन दिया और क्रूरतापूर्वक मार दिए जाने को डराया। कहा- इस्लाम अपना लो, रिहा कर दिए जाओगे। बच्चे तनकर कहते- मार दो, मगर धर्म नहीं छोड़ेंगे। नवाब भी हैरान-परेशान था, उसने ऐसे निडर और संकल्प के धनी लड़के नहीं देखे थे। वे ऐसे कड़क जवाब देते रहे कि उसने झल्लाकर तीसरे दिन उन्हें जिंदा दीवार में चुनवा देने का आदेश दे दिया। ये बच्चे कई रातों के जगे और कई दिनों के भूखे थे, तब भी। दोनों बच्चे अडिग थे, उनके चेहरे पर शिकन नहीं। दीवार चुन दी गई और दम घुटने से दोनों की सांसें थम गईं। 'सूरज प्रकाश' और 'गुरबिलास' के अनुसार दोनों के सिर कलम किए गए। कहा जाता है कि दीवार गिर गई तो बाद में जल्लाद ने उनके सिर काटे।

उधर 22 दिसंबर, 1704 को चमकौर में हुए युद्ध में गुरु गोबिंद सिंह जी के दोनो बड़े बेटे 18 साल के साहिबजादा अजीत सिंह, 14 वर्षीय बाबा जुझार सिंह और 37 सिख वीरगति को प्राप्त हुए। यह विश्व इतिहास का अनूठा युद्ध है, जिसमें करीब एक लाख की मुगल सेना भीषण युद्ध के बाद भी कच्ची गढ़ी में गुरु गोबिंद सिंह जी तक पहुंच नहीं पाई। गुरु गोबिंद सिंह जी के साथ उनके दो बड़े बेटे और मात्र चालीस सिख थे। गुरु गोबिंद सिंह जी ने बड़े उत्साह से अपने पुत्रों को गले लगा कर और पीठ थपथपा कर चार सिखों के जत्थे के साथ युद्ध मैदान में जाने को भेजा और बड़े बेटे के बाद छोटे बेटे का बलिदान भी देखा!

अपने पितामह की तरह दोनों बालकों नौ साल के बाबा जोरावर सिंह और छह साल के बाबा फतेह सिंह ने प्राण तो दे दिए, लेकिन धर्म नहीं दिया। ये दोनों गुरु गोबिंद सिंह जी के बेटे थे, वही गुरु गोबिंद सिंह जी जिन्हें इस घटना के ढाई-तीन साल बाद औरंगजेब के उत्तराधिकारी और बड़े बेटे बहादुर शाह ने 'हिंद का पीर' यानी भारत का संत कहा। अपने दोनों पौत्र, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को जीवित दीवार में चुनवा दिए जाने का सदमा 81 वर्षीया दादी माता गुजरी बर्दाश्त नहीं कर सकीं और यह खबर सुनने पर उसी दिन उनके प्राण-पखेरू उड़ गए। वह विश्व इतिहास का अकेला ऐसा नाम हैं, जो आत्म बलिदानी की पत्नी थीं, मां थीं, दादी थीं और स्वयं भी सिख सिद्धांतों को लेकर बलिदान हुईं।

अभियान

भोलेनाथ की भक्ति से जीवन में शांति, शक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति का दिव्य मार्ग

हिंदू सनातन परंपरा में सोमवार का दिन केवल सप्ताह का एक साधारण दिन नहीं, बल्कि आस्था, संयम और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर वह पावन अवसर है, जब सृष्टि के संहारक और पालनकर्ता भगवान शिव अपने भक्तों पर विशेष रूप से कृपा बरसाते हैं। शास्त्रों और लोकमान्यताओं में भगवान शिव को सबसे सरल, करुणामय और शीघ्र प्रसन्न होने वाला देवता माना गया है। यही कारण है कि उन्हें भोलेनाथ और आशुतोष कहा गया है। ऐसा विश्वास है कि जहां अन्य देवताओं को प्रसन्न करने के लिए विस्तृत अनुष्ठान, सामग्री और विधि-विधान की आवश्यकता होती है, वहीं भगवान शिव केवल एक लोटा जल, सच्ची श्रद्धा और निर्मल भाव से ही प्रसन्न हो जाते हैं।

सोमवार के दिन शिव भक्ति का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह दिन चंद्रमा से जुड़ा हुआ माना जाता है और चंद्रमा भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान है। ऐसे में सोमवार को शिव आराधना करने से मन की चंचलता, तनाव, भय और अस्थिरता शांत होती है। यही कारण है कि जिन लोगों के जीवन में मानसिक अशांति, पारिवारिक तनाव या निर्णय लेने में भ्रम की स्थिति बनी रहती है, उनके लिए सोमवार की शिव उपासना विशेष रूप से लाभकारी मानी जाती है। विशेषकर महिलाएं और अविवाहित कन्याएं इस दिन व्रत रखकर भगवान शिव से सुखी वैवाहिक जीवन, योग्य जीवनसाथी और पारिवारिक स्थिरता की कामना करती हैं।

मान्यताओं के अनुसार, सोमवार की सुबह जल्दी उठकर स्नान-ध्यान करके शुद्ध मन और शरीर के साथ भगवान शिव का स्मरण करना अत्यंत पुण्यकारी होता है। स्वच्छता और पवित्रता शिव भक्ति का मूल आधार मानी गई है। पूजा के समय हल्के और शुभ रंगों के वस्त्र धारण करना जैसे सफेद, पीला, हरा, लाल या आसमानी रंग सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। इन रंगों को शांति, सादगी और सात्त्विकता का प्रतीक माना जाता है, जो भगवान शिव को विशेष रूप से प्रिय हैं।

शिव पूजा में अक्षत अर्थात साबुत चावल का विशेष महत्व है। माना जाता है कि टूटे या खंडित चावल पूजा में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं, इसलिए शिवलिंग पर हमेशा अखंड चावल ही अर्पित करने चाहिए। इसके साथ ही सोमवार के दिन दूध, दही, सफेद वस्त्र और शक्कर का दान करना अत्यंत शुभ फल प्रदान करता है। धार्मिक विश्वास है कि इस प्रकार का दान करने से न केवल भगवान शिव प्रसन्न होते हैं, बल्कि जीवन में आर्थिक स्थिरता, मानसिक संतुलन और पारिवारिक सुख भी बढ़ता है।

सोमवार को शिव रक्षा स्तोत्र का पाठ करने की भी विशेष महिमा बताई गई है। यह स्तोत्र नकारात्मक शक्तियों, भय, रोग और आकस्मिक संकटों से रक्षा करता है। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति श्रद्धा के साथ शिव रक्षा स्तोत्र का नियमित पाठ करता है, उसके चारों ओर एक अदृश्य सुरक्षा कवच बन जाता है और जीवन की कठिन परिस्थितियां धीरे-धीरे सरल होने लगती हैं। संध्या के समय कच्चे चावल में काले तिल मिलाकर दान करने की परंपरा भी प्रचलित है। यह उपाय विशेष रूप से ग्रह दोषों, मानसिक बेचैनी और जीवन में रुकावटों को दूर करने वाला माना गया है।

वास्तव में सोमवार का महत्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिन आत्मचिंतन, संयम और आंतरिक शुद्धि का अवसर भी प्रदान करता है। भगवान शिव की भक्ति यह सिखाती है कि सादगी में ही सच्ची शक्ति है और अहंकार का त्याग ही सच्चा वैराग्य है। जब भक्त बिना किसी दिखावे के, केवल सच्चे मन से भोलेनाथ का स्मरण करता है, तो शिव स्वयं उसके जीवन की कठिनाइयों को हर लेते हैं। यही कारण है कि कहा जाता है—यदि जीवन में कोई मार्ग दिखाई न दे, तो सोमवार के दिन भोलेनाथ के चरणों में शीश झुका दीजिए, शांति, समाधान और सफलता का मार्ग स्वयं खुलने लगेगा।

RNI No. GJHIN/25/A2786 Printed, Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By (1) JIGNESH RASHIKBHAI GAJJAR at Vansh Corporation, A/8, Shayona Golden Estate, Shahibag, Ahmedabad - 380 004
(2) DESAI RAHUL MAHESHBHAI at Bhavani Offset, Bhatiya Ni Wadi, Opp Kalupur Railway Station, Kalupur, Ahmedabad-380 002. (3) HADIK MAHESHBHAI DESAI at Bhoomi Offset, Bhatiya Ni Wadi, Opp Kalupur Railway Station, Kalupur, Ahmedabad-380 002
and Published from B/13, Sneh Plaza Shopping Center, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad - 382 424. Editor : JIGNESHKUMAR PATHABHAI VAGHELA

अटल नेतृत्व, अविरत विकास

गुजरात में सुशासन से स्टार्टअप्स को मिली नई ऊँचाई : SSIP 2.0 तथा i-Hub बने गेम चेंजर

- स्टूडेंट स्टार्टअप एंड इनोवेशन पॉलिसी 2.0 : पिछले 4 वर्ष में राज्य सरकार द्वारा 1,543 स्टार्टअप्स को मिली सहायता
- i-Hub के माध्यम से राज्य के लगभग 620 स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन, इनक्यूबेशन तथा सहायता मिली
- स्टार्टअप क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण : WEstart पहल अंतर्गत 196 महिला-संचालित स्टार्टअप्स को सहायता
- i-Hub में इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स द्वारा राज्य में लगभग 1,400 कुशल रोजगार का सृजन, इन स्टार्टअप्स की कुल मार्केट वैल्यू 3,500 करोड़ रुपए से भी अधिक
- गुजरात सरकार की ओर से 15 लाख रुपए के अनुदान की सहायता से मनन बैटरीवाला ने स्थापित की 'कीपसेक ऑटोमेशन' कंपनी

